<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को शक्तिशाली बनाएंः कुलपति

पन्तनगर। 8 अप्रैल 2024। गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने परिसर के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं विद्यार्थियों से अपील किया है कि 19 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को शक्तिशाली बनाएं। सभी के लिए अपने मूल अधिकार को पहचानना जरूरी है। चुनावी पर्व में मतदान के लिए आगे आएं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें क्योंकि एक–एक वोट कीमती होता है। लोकतंत्र के महा अनुष्ठान में निर्धारित तिथि को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए स्वजनों, सार्थियों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए अवश्य प्रेरित करें।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार